**भारत सरकार द्वारा संचालित जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जनपद उन्नाव में प्रस्तावित कार्यों की समीक्षा बैठक दिनांक 04.04.2025 को आहूत "जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन" समिति की बैठक का कार्यवृत्त**

**-:- उपस्थिति -:-**

1. जिलाधिकारी, उन्नाव।
2. मुख्य विकास अधिकारी, उन्नाव।
3. प्रभागीय वनाधिकारी, उन्नाव।
4. जिला विकास अधिकारी, उन्नाव।
5. मुख्य चिकित्साधिकारी, उन्नाव।
6. जिला बेसिक शिक्षाधिकारी, उन्नाव।
7. जिला पंचायत राज अधिकारी, उन्नाव।
8. जिला कृषि अधिकारी, उन्नाव।
9. जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी, उन्नाव।
10. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), उन्नाव।
11. अधिशासी अभियन्ता, सिचाई खण्ड, सिचाई एवं जल ससाधन विभाग, उन्नाव।
12. जिला समन्वयक, जिला परियोजना प्रबन्धन इकाई (डी.पी.एम.यू.), उन्नाव।
13. डिप्टी टीम लीडर, सेन्सिस टेक्नो लि0 (टी.पी.आई.), उन्नाव।
14. मेसर्स मेघा इंजीनियर्स एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर लि0, लखनऊ।
15. जनपद हेतु नामित इम्प्लीमेन्टेशन सपोर्ट एजेन्सी (आई.एस.ए.) (1) हिन्दु मुस्लिम एकता एवं कल्याण समिति, 82/75/क, गुरू गोविन्द सिंह मार्ग, लालकुंआ, लखनऊ (2) हैल्पिंग हैण्ड वेलफेयर सोसाईटी, ग्राम सरसोपार, पोस्ट मुसावल, जनपद गोरखपुर (3) प्रभावति देवी नारी कल्याण समिति, 194-ए, शिवपुरसाहबगंज पड़री बाजार, गोरखपुर (4) नवचेतना विकास समिति, बी-76, नेहरू विहार, कल्यानपुर, विकास नगर, लखनऊ (5) जनहित सेवा एवं शोध संस्थान, 277, विकास नगर, जेल रोड, पी.ओ. कादीपुर, प्रतापगढ़ (6) बैसवारा शिक्षित बेरोजगार वेलफेयर एसोसिएशन, बी-957, आवास विकास कालोनी, उन्नाव के प्रतिनिधि।
16. जनपद स्तर पर चयनित आई.ई.सी. एजेन्सी (1) मेसर्स फेलकॉन, निकट कैंसर अस्पताल, मानस नगर, लखनऊ (2) मेसर्स जानकी प्रसाद मेमोरियल रिसर्च एण्ड एजूकेशनल ट्रस्ट, लोहिया नगर, महाराजगंज (3) सार्वजनिक शिक्षोन्नयन संस्थान, 58, सृजन बिहार कालोनी, गोमतीनगर, लखनऊ (4) मेसर्स अम्बर प्रेस प्राइवेट लिमिटेड, लखनऊ, 226018 के प्रतिनिधि।
17. आई.ई.सी. एजेन्सी मेसर्स प्योर लाइफ सोसाइटी, मोफिसाल प्लाट, अपोजिट, डॉ0 यू. संघाई, अमरावती के प्रतिनिधि।
18. आई.ई.सी. एजेन्सी Welfare & Illustration of Needy Gramin Society (WINGS), 1/45, Vijay Khand, Adarsh Apartment, Gomti Nagar, Lucknow के प्रतिनिधि।

भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित जल जीवन मिशन (फेज-4) के अन्तर्गत जनपद उन्नाव में सतही स्रोत आधारित पेयजल योजना के निर्माण कार्य प्रस्तावित है, जिसके कार्य क्लस्टर- ए एवं बी में कराये जाने हैं। जिस हेतु राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ द्वारा निविदा प्रकिया पूर्ण कर कार्यदायी फर्म मेसर्स मेघा इंजीनियर्स एण्ड इन्फास्ट्रक्चर लि0, सेक्टर-सी-2, प्लाट नं0- 177, सुशान्त गोल्फ सिटी, अन्सल ए.पी.आई., निकट लुलु मॉल, लखनऊ को नामित किया गया है। उक्त योजना से सम्बन्धित निम्नलिखित बिन्दुओं पर समीक्षा बैठक दिनांक 04.04.2025 को कलेक्ट्रेट, उन्नाव स्थित पन्नालाल हाल में सम्पन्न हुई:-

1. जल जीवन मिशन (फेज-4) के अन्तर्गत कार्यदायी फर्म M/s Megha Engineering & Infrastructures Ltd., Andhra Pradesh द्वारा विरचित जनपद उन्नाव में सतही स्रोत आधारित पाइप पेयजल योजना के क्लस्टर- 'ए' एवं 'बी' के पुनरीक्षित विस्तृत प्राक्कलन का जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति के माध्यम से संस्तुति प्राप्त करने के सम्बन्ध में।
2. जल जीवन मिशन योजना (फेज-4) के अन्तर्गत जनपद उन्नाव मे प्रस्तावित कायो पर M/s Megha Engineering & Infrastructures Ltd. के कार्यों की प्रगति समीक्षा।
3. जल जीवन मिशन योजना (फेज-4) के अन्तर्गत जनपद उन्नाव में पाइप लाइन बिछाये जाने हेतु सड़क पुनर्स्थापना (Road Restoration) के कार्यों की समीक्षा।
4. जल जीवन मिशन योजना (फेज-4) के अन्तर्गत भूमि उपलब्धता एवं विवादित भूमि की अद्यतन स्थिति।
5. क्लस्टर-ए एवं बी के अन्तर्गत प्रस्तावित कार्यों हेतु विभिन्न विभागों से NOC प्राप्त करने के सम्बन्ध में समीक्षा।
6. इनटेक से डब्ल्यू.टी.पी. बी के मध्य Raw Water Rising Main एवं WTP-A से CWR-26 के मध्य बिछायी जाने वाली Clear Water Rising Main के संरेखण में पड़ रहे अवैध मकानों के सम्बन्ध में।
7. जनपद में नामित 6 इम्प्लीमेन्टेशन सपोर्ट एजेन्सी (ISA) के कार्यों की समीक्षा तथा हिन्दु मुस्लिम एकता एवं कल्याण समिति,82/75/क, गुरू गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ एवं जनहित सेवा एवं शोध संस्थान, 277, विकास नगर, जेल रोड, पी.ओ. कादीपुर, प्रतापगढ़ द्वारा सम्पादित कार्यों का प्रस्तुतीकरण।
8. जनपद में I.E.C. गतिविधियों की समीक्षा।



Scanned with OKEN Scanner

जल जीवन मिशन (फेज-4) के अन्तर्गत कार्यदायी फर्म M/s Megha Engineering & Infrastructures Ltd., S-2, Technocrat Indl. Estate, Balanagar, Hyderabad-500037, Andhra Pradesh द्वारा विरचित जनपद उन्नाव में सतही स्रोत आधारित पाइप पेयजल योजना के क्लस्टर-'ए' के विस्तृत प्राक्कलन का जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति के माध्यम से संस्तुति प्राप्त करने के सम्बन्ध में:- अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव द्वारा प्रमुख सचिव, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ के पत्र सं0- 4113/E-46/JJM-VC(MOM)/Tech-6/2024-25 दिनांक 20.01.2025 के माध्यम से जारी साप्ताहिक समीक्षा बैठक के कार्यवृत्त में दिये गये निर्देशों के कम में अवगत कराया गया कि भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित जल जीवन मिशन 'हर घर नल से जल' योजना के अधीन जनपद उन्नाव में सतही स्रोत आधारित पाइप पेयजल योजना के निर्माण कार्य प्रस्तावित है, जिसके अन्तर्गत जनपद उन्नाव के ग्रामीण सतही स्रोत पेयजल योजना क्लस्टर-'ए' में कुल 920 राजस्व ग्रामों को पेयजल से वर्ष 2054 तक अच्छादित किये जाने का प्राविधान किया गया है। उक्त योजना की स्वीकृति प्रमुख सचिव, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ की अध्यक्षता में एस.एल.एस.सी. की 37वीं बैठक में दिनांक 21.03.2023 को प्रदान की जा चुकी है। तदोपरान्त राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ द्वारा ई-निविदा प्रक्रिया पूर्ण करते हुये दिनांक 12.07.2023 को M/s Megha Engineering & Infrastructures Ltd., S-2, Technocrat Indl. Estate, Balanagar, Hyderabad-500037, Andhra Pradesh को कार्यदायी एजेन्सी के रूप में नामित करते हुये अनुबन्ध सं0- 13/ED/Phase-4 /2023-24 दिनांक 27.07.2023 का गठन करते हुये कार्य प्रारम्भ की तिथि 27.07.2023 एवं कार्य पूर्ण करने की तिथि 26.01.2025 प्रदान की गयी है। वर्तमान में फर्म द्वारा समयवृद्धि हेतु कार्यवाही तथा सक्षम स्तर से अनुमति अपेक्षित है।

सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया है कि अनुबन्ध में निहित शर्तों के अनुसार कार्यदायी फर्म को कार्य आवंटन के उपरान्त विस्तृत सर्वेक्षण एवं डिजाइन करते हुये योजना का प्राक्कलन राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ में प्रस्तुत करना होगा, उक्त के अनुपालन में कार्यदायी फर्म M/s Megha Engineering & Infrastructures Ltd. द्वारा अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ के कार्यालय ज्ञाप सं0- 3958/W-26/2023-24 दिनांक 15.12.2023 में दिये गये निर्देशों का अनुपालन करते हुये अपने पत्र सं0 MEIL/UNNAO CLUSTER-A/2023-24/293 दिनांक 11.03.2024 के माध्यम से उन्नाव सतही स्रोत आधारित पाइप पेयजल योजना क्लस्टर-ए का प्राक्कलन विरचित कर IIT Hyderabad से Vetting कराकर प्रस्तुत किया गया था जिसकी तकनीकी स्वीकृति मुख्य अभियन्ता (ल0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ की अध्यक्षता में दिनांक 12.03.2024 को क्षेत्रीय अप्रेजल समिति की बैठक में प्रदान की गयी थी। वर्तमान में कार्यों के सम्पादन के दौरान निम्नलिखित बिन्दुओं के कारण प्राक्कलन को पुनरीक्षित किया जाना आवश्यक है:-

- अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ के कार्यालय ज्ञाप सं0- 3958/W-26/2023-24 दिनांक 15.12.2023 के बिन्दु सं0- 05 में Retention Time:- The retention time in the WTP CWR (Clear Water Reservoir) will be 2 hours के अनुसार डब्ल्यू.टी.पी. पर प्रस्तावित MCWR की क्षमता 02 घंटे के Retention Time के आधार अभिकल्पित किये जाने के कारण
- 110 एम.एम.- 200 एम.एम. व्यास के एच.डी.पी.ई. पाइप को HDD Method से बिछाये जाने हेतु प्राविधान
- फसल क्षतिपूर्ति के मद में प्राविधान
- कार्यस्थल के अनुसार- CWR & OHT के लिए आवश्यक भूमि की उपलब्धता/ अनुपलब्धता के कारण स्थल परिवर्तन होने के कारण
- योजनान्तर्गत विभिन्न विभागों से आवश्यक अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्ति के मद में
- विभिन्न विभागों से उपरोक्त आवश्यक अनापत्ति के कारण Casing & Carrier Pipe के रूप में प्रयुक्त सामग्री में वृद्धि होने के कारण

पुनरीक्षित प्राक्कलन का विरचन कार्यदायी फर्म द्वारा IIT Hyderabad से Vetting कराकर अपने पत्र सं0- MEIL/UNNAO CLUSTER-A/2024-25/802 Date- 29.03.2025 के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है। यहां यह भी अवगत कराना है कि वर्तमान में योजनान्तर्गत प्रस्तावित इनटेकवेल की Water Demand 359 एम.एल.डी. (क्लस्टर ए- 203 एम.एल.डी.+ क्लस्टर बी-156 एम.एल.डी.) है। इनटेकवेल का निर्माण जनपद कानपुर नगर में स्थित लवकुश बैराज (गंगा बैराज) पर किया जाना प्रस्तावित है। उक्त इनटेकवेल पर नगर विकास विभाग द्वारा 100 क्यूसेक (245 एम.एल.डी.) कच्चा जल की एन.ओ.सी. नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति अनुभाग-1 के पत्र सं0- 3220/छिहत्तर-1-2023 दिनांक 29.08.2023 द्वारा प्रदान की गयी है, जिससे कि उक्त योजना से वर्ष 2039 तक जनपद उन्नाव की ग्रामीण जनसंख्या को पोषित किया जा सकता है। उक्त योजना की डिजाइन काल 2054 तक जनपद उन्नाव की ग्रामीण क्षेत्र की जनता को शुद्ध पेयजल से पोषित किये जाने हेतु भविष्य में अवशेष 55 एम.एल.डी. कच्चे जल की एन.ओ.सी. की नगर विकास विभाग/ सिंचाई विभाग से आवश्यकता है। जिस हेतु पत्राचार इस कार्यालय के पत्र सं0- 4954/W.S-103A/1052 Dated- 16.12.2024, अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ के पत्र सं0-2877/W.G.-60/762 Dated- 16.12.2024, मुख्य अभियन्ता (ल0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ के पत्र सं0- 1147/W.G-67/139 Dated- 19.12.2024 तथा मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ के पत्र सं0- 1696/011-0063 (L.Z.)/24 Dated- 28.12.2024 के माध्यम से राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ कार्यालय को किया गया है।

प्राक्कलन के प्रस्तावित कार्यो का विवरण निम्नानुसार है:-

योजना का नाम- उन्नाव सतही स्रोत आधारित पेयजल योजना (क्लस्टर-ए)



Scanned with OKEN Scanner

1. अनुमानित लागत–रू0 339112.69 लाख [कुल कार्यलागत– 214734.44 लाख (मूल कार्यलागत– 171458.35 लाख + कन्टीजेन्सी– 1714.58 लाख + जी.एस.टी.– 31171.13 लाख + सेन्टेज– 8658.65 लाख + लेबर सेस– 1731.73 लाख) + अन्य विभागों को देय धनराशि– 3295.72 लाख (एन.ओ.सी. प्राप्त करने हेतु देय धनराशि–1573.97 लाख + विद्युत संयोजन– 1721.75 लाख) + 10 वर्ष के अनुरक्षण एवं संचालन की लागत– 121082.53 लाख (विद्युत/डीजल व्यय की धनराशि को छोड़कर– 20846.53 लाख + विद्युत/ डीजल व्यय की धनराशि– 100236.00 लाख)]
2. वित्त पोषण:– जल जीवन मिशन (फेज–4)
3. प्रस्तावित मुख्य कार्यों का विवरण निम्नवत् है:–
   1. 359 एम.एल.डी. वाटर डिमाण्ड हेतु इनटेकवेल – 01 नग
   2. 170 एम.एल.डी. डब्ल्यू.टी.पी. (वि0/यां0 कार्यों सहित) – 01 नग
   3. सी.डब्ल्यू.आर. (वि0/यां0 कार्यों सहित) – 28 नग
   4. शिरोपरि जलाशय (वि0/यां0 कार्यों सहित) – 242 नग
   5. राइजिंग मेन – 1002.29 कि.मी. (D.I. K-7, D.I. K-9 & M.S. Pipe)
   6. वितरण प्रणाली – 5712.65 कि.मी. (HDPE- 63-200 MM dia)
   7. पेयजल गृह संयोजन (FHTC) – 265431 नग
   8. स्टाफ क्वार्टर, गार्ड रूम, क्लोरीनेशन बिल्डिंग एवं सब स्टेशन बिल्डिंग (वि0/यां0 कार्यों सहित)–302 नग (31+02+242+27)
   9. 10 वर्ष का संचालन एवं रखरखाव कार्य

<u>जल जीवन मिशन (फेज–4) के अन्तर्गत कार्यदायी फर्म M/s Megha Engineering & Infrastructures Ltd., S-2, Technocrat Indl. Estate, Balanagar, Hyderabad-500037, Andhra Pradesh द्वारा विरचित जनपद उन्नाव में सतही स्रोत आधारित पाइप पेयजल योजना के क्लस्टर–'बी' के विस्तृत प्राक्कलन का जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति के माध्यम से संस्तुति प्राप्त करने के सम्बन्ध में:–</u> अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव द्वारा प्रमुख सचिव, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ के पत्र सं0– 4113/E-46/JJM-VC(MOM)/Tech-6/2024-25 दिनांक 20.01.2025 के माध्यम से जारी साप्ताहिक समीक्षा बैठक के कार्यवृत्त में दिये गये निर्देशों के कम में अवगत कराया गया कि भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित जल जीवन मिशन 'हर घर नल से जल' योजना के अधीन जनपद उन्नाव में सतही स्रोत आधारित पाइप पेयजल योजना के निर्माण कार्य प्रस्तावित है, जिसके अन्तर्गत जनपद उन्नाव के ग्रामीण सतही स्रोत पेयजल योजना क्लस्टर–'बी' में कुल 753 राजस्व ग्रामों को पेयजल से वर्ष 2054 तक अच्छादित किये जाने का प्राविधान किया गया है। उक्त योजना की स्वीकृति प्रमुख सचिव, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ की अध्यक्षता में एस.एल.एस.सी. की 37वीं बैठक में दिनांक 21.03.2023 को प्रदान की जा चुकी है। तदोपरान्त राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ द्वारा ई–निविदा प्रक्रिया पूर्ण करते हुये दिनांक 12.07.2023 को M/s Megha Engineering & Infrastructures Ltd., S-2, Technocrat Indl. Estate, Balanagar, Hyderabad-500037, Andhra Pradesh को कार्यदायी एजेन्सी के रूप में नामित करते हुये अनुबन्ध सं0– 14/ED/Phase-4/2023-24 दिनांक 27.07.2023 का गठन करते हुये कार्य प्रारम्भ की तिथि 27.07.2023 एवं कार्य पूर्ण करने की तिथि 26.01.2025 प्रदान की गयी थी। वर्तमान में फर्म द्वारा समयवृद्धि हेतु कार्यवाही तथा सक्षम स्तर से अनुमति अपेक्षित है।

सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया है कि अनुबन्ध में निहित शर्तों के अनुसार कार्यदायी फर्म को कार्य आवंटन के उपरान्त विस्तृत सर्वेक्षण एवं डिजाइन करते हुये योजना का प्राक्कलन राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ में प्रस्तुत करना होगा, उक्त के अनुपालन में कार्यदायी फर्म M/s Megha Engineering & Infrastructures Ltd. द्वारा अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ के कार्यालय ज्ञाप सं0– 3958/W-26/2023-24 दिनांक 15.12.2023 में दिये गये निर्देशों का अनुपालन करते हुये अपने पत्र सं0– MEIL/UNNAO CLUSTER-B/2023-24/241 दिनांक 17.02.2024 के माध्यम से उन्नाव सतही स्रोत आधारित पाइप पेयजल योजना क्लस्टर–बी का प्राक्कलन विरचित कर IIT Hyderabad से Vetting कराकर प्रस्तुत किया गया था जिसकी तकनीकी स्वीकृति मुख्य अभियन्ता (ल0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ की अध्यक्षता में दिनांक 20.02.2024 को क्षेत्रीय अप्रेजल समिति की बैठक में प्रदान की गयी थी। वर्तमान में कार्यों के सम्पादन के दौरान निम्नलिखित बिन्दुओं के कारण प्राक्कलन को पुनरीक्षित किया जाना आवश्यक है:–

- अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ के कार्यालय ज्ञाप सं0– 3958/W-26/2023-24 दिनांक 15.12.2023 के बिन्दु सं0– 05 में Retention Time:- The retention time in the WTP CWR (Clear Water Reservoir) will be 2 hours के अनुसार डब्ल्यू.टी.पी. पर प्रस्तावित MCWR की क्षमता 02 घंटे के Retention Time के आधार अभिकल्पित किये जाने के कारण
- 110 एम.एम.– 200 एम.एम. व्यास के एच.डी.पी.ई. पाइप को HDD Method से बिछाये जाने हेतु प्राविधान
- फसल क्षतिपूर्ति के मद में प्राविधान



Scanned with OKEN Scanner

- कार्यस्थल के अनुसार– CWR & OHT के लिए आवश्यक भूमि की अनुपलब्धता के कारण स्थल परिवर्तन होने के कारण
- Raw Water Rising Main बिछाने हेतु निर्माण किये जाने वाले Pedestal के संरक्षण आने वाले जलभराव क्षेत्र में मिट्टी भराई के कार्यों का प्राविधान
- Raw Water Rising Main बिछाने हेतु निर्माण किये जाने वाले Pedestal की संख्या में वृद्धि होने के कारण
- WTP-B के निर्माण स्थल तक 01.62 Km. की लम्बाई में Approach Road निर्माण कार्य का प्राविधान किये जाने के कारण
- योजनान्तर्गत विभिन्न विभागों से आवश्यक अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्ति के मद में
- विभिन्न विभागों से उपरोक्त आवश्यक अनापत्ति के कारण Casing & Carrier Pipe के रूप में प्रयुक्त सामग्री में वृद्धि होने के कारण

पुनरीक्षित प्राक्कलन का विरचन कार्यदायी फर्म द्वारा IIT Hyderabad से Vetting कराकर अपने पत्र सं०– MEIL/UNNAO CLUSTER-B/2024-25/784 दिनांक 27.03.2025 के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है। यह भी अवगत कराया गया कि उक्त योजना में इनटेकवेल का निर्माण उन्नाव सतही स्रोत आधारित पेयजल योजना (क्लस्टर–ए) में प्रस्तावित किया गया है। उक्त इनटेकवेल की Water Demand 359 एम.एल.डी. (क्लस्टर ए– 203 एम.एल.डी.+ क्लस्टर बी–156 एम.एल.डी.) है। इनटेकवेल का निर्माण जनपद कानपुर नगर में स्थित लवकुश बैराज (गंगा बैराज) पर किया जाना प्रस्तावित है। उक्त इनटेकवेल पर नगर विकास विभाग द्वारा 100 क्यूसेक (245 एम.एल.डी.) कच्चा जल की एन.ओ.सी. नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति अनुभाग–1 के पत्र सं०– 3220/छिहत्तर–1–2023 दिनांक 29.08.2023 द्वारा प्रदान की गयी है, जिससे कि उक्त योजना से वर्ष 2039 तक जनपद उन्नाव की ग्रामीण जनसख्या को पोषित किया जा सकता है। उक्त योजना की डिजाइन काल 2054 तक जनपद उन्नाव की ग्रामीण क्षेत्र की जनता को शुद्ध पेयजल से पोषित किये जाने हेतु भविष्य में अवशेष 55 एम.एल.डी. कच्चे जल की एन.ओ.सी. की नगर विकास विभाग/ सिंचाई विभाग से आवश्यकता है। जिस हेतु पत्राचार इस कार्यालय के पत्र सं०– 4954/W.S-103A/1052 Dated- 16.12.2024, अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ के पत्र सं०–2877/W.G.-60/762 Dated- 16.12.2024, मुख्य अभियन्ता (ल0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ के पत्र सं०– 1147/W.G-67/139 Dated- 19.12.2024 तथा मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ के पत्र सं०– 1696/011-0063 (L.Z.)/24 Dated- 28.12.2024 के माध्यम से राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ कार्यालय को किया गया है।

प्राक्कलन के प्रस्तावित कार्यों का विवरण निम्नानुसार है:–

योजना का नाम– उन्नाव सतही स्रोत आधारित पेयजल योजना (क्लस्टर–बी)

1. अनुमानित लागत–रू0 238946.62 लाख [कुल कार्यलागत– 188207.52 लाख (मूल कार्यलागत– 150277.49 लाख + कन्टीजेन्सी– 1502.77 लाख + जी.एस.टी.– 27320.45 लाख + सेन्टेज–7589.01 लाख + लेबर सेस–1517.80 लाख) + अन्य विभागों को देय धनराशि– 2394.43 लाख (एन.ओ.सी. प्राप्त करने हेतु देय धनराशि–1733.91 लाख + विद्युत संयोजन– 660.52 लाख) + 10 वर्ष के अनुरक्षण एवं संचालन की लागत– 48344.67 लाख (विद्युत/डीजल व्यय की धनराशि को छोड़कर–17250.67 लाख+ विद्युत/डीजल व्यय की धनराशि–31094.00 लाख)]
2. वित्त पोषण:– जल जीवन मिशन (फेज–4)
3. प्रस्तावित मुख्य कार्यों का विवरण निम्नवत् है:–
4. 130 एम.एल.डी. डब्ल्यू.टी.पी. (वि0/यां0 कार्यों सहित)– 01 नग
5. सी.डब्ल्यू.आर. (वि0/यां0 कार्यों सहित) – 27 नग
6. शिरोपरि जलाशय (वि0/यां0 कार्यों सहित) – 205 नग
7. राइजिंग मेन – 907.66 कि.मी. (D.I. K-7, D.I. K-9 & M.S. Pipe)
8. वितरण प्रणाली – 4536.17 कि.मी. ( HDPE- 63-200 MM dia )
9. पेयजल गृह संयोजन (FHTC) – 189798 नग
10. स्टाफ क्वार्टर, गार्ड रूम, क्लोरीनेशन
    बिल्डिंग एवं सब स्टेशन बिल्डिंग (वि0/यां0 कार्यों सहित)–266 नग (28+06+205+27)
11. 10 वर्ष का संचालन एवं रखरखाव कार्य

उक्त दोनों प्राक्कलन क्लस्टर– 'ए' एवं 'बी' की तकनीकी स्वीकृति मुख्य अभियन्ता (ल0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ द्वारा प्रदान की गयी है। उक्त दोनों प्राक्कलनों के सम्बन्ध में अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देश दिये गये कि योजना में प्रस्तावित ऐसे कार्य जिनका विचलन पूर्व स्वीकृत प्राक्कलन से अत्यधिक है जैसे कि– कासिंग किये जाने हेतु MS Pipe की मात्रा में वृद्धि हेतु कासिंग स्थलवार विवरण उपलब्ध करायें, पम्प्स के कार्यों में हुये विचलन के सम्बन्ध में विवरण, RCC Pedestal की संख्या में वृद्धि, D.G. Sets, HT Pannel की क्षमता में वृद्धि के सम्बन्ध में विवरण आगामी जिला पेयजल



Scanned with OKEN Scanner

एवं स्वच्छता मिशन समिति की बैठक में पूर्व में कमी के स्पष्ट कारणों के साथ प्रस्तुत करने हेतु तथा RCC Pedestal के कार्यों हेतु मिट्टी भराई के विस्तृत सर्वेक्षण एवं ड्रोन वीडियो को पेनड्राइव सहित प्राक्कलन में वापस करने हेतु निर्देशित किया गया।

2. **जल जीवन मिशन योजना (फेज–4) के अन्तर्गत जनपद उन्नाव मे प्रस्तावित कार्यों पर प्रगति की समीक्षा–**

➤ **इनटेकवेल**– अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि योजनान्तर्गत जनपद कानपुर नगर के ग्राम कटरी शंकरपुर सराय मे निर्माणाधीन 357 एम.एल.डी. क्षमता के इन्टेकवेल के कार्य लगभग 68 प्रतिशत तक पूर्ण कर लिये गये हैं, शेष कार्य प्रगति पर है। योजनान्तर्गत प्रस्तावित 345 मीटर बाउन्ड्रीवाल के कार्यों के सापेक्ष लगभग 180 मीटर बाउन्ड्रीवाल का कार्य पूर्ण किया गया है, शेष कार्य प्रगति पर है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा डिप्टी जनरल मैनेजर श्री रवि कान्त द्विवेदी को निर्देशित किया गया कि कार्यों मे गतिशीलता लायें जिससे कि योजनान्तर्गत प्रस्तावित कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराते हुये योजना का जनोपयोगी बनाया जा सके।

➤ **डब्ल्यू.टी.पी. ए (क्षमता–170 एम.एल.डी.)**– अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि उन्नाव सतही स्रोत आधारित योजना के अन्तर्गत डब्ल्यू.टी.पी. ए का निर्माण कार्य गंगा बैराज (लवकुश बैराज) परियोजना में बांधे गाईड बन्ध से लगभग 200 मी0 की दूरी पर जनपद कानपुर नगर की तहसील कानपुर सदर के अन्तर्गत ग्राम कटरी शंकरपुर सराय में किया जा रहा है, डब्ल्यू.टी.पी. क्लस्टर–ए के कार्यों की प्रगति कार्यदायी फर्म की लचर कार्यप्रणाली के कारण वर्तमान तक मात्र 31.34 प्रतिशत प्राप्त हो सकी है, जिसके लिये कार्यदायी फर्म के प्रतिनिधि श्री रवि कान्त द्विवेदी को निर्देशित किया गया कि कार्यों को द्रुत गति कराये जिससे कि योजनान्तर्गत प्रस्तावित कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराते हुये योजना को जनोपयोगी बनाया जा सके।

➤ **डब्ल्यू.टी.पी. बी (क्षमता–130 एम.एल.डी.)**– अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि उन्नाव सतही स्रोत आधारित योजना के अन्तर्गत डब्ल्यू.टी.पी. बी का निर्माण कार्य जनपद के विकास खण्ड बिछिया के ग्राम कोरारी कला में कराया जा रहा है तथा डब्ल्यू.टी.पी. क्लस्टर–बी के कार्यों की प्रगति कार्यदायी फर्म की लचर कार्यप्रणाली के कारण वर्तमान तक मात्र 52.84 प्रतिशत प्राप्त हो सकी है, जिसके लिये कार्यदायी फर्म के प्रतिनिधि श्री रवि कान्त द्विवेदी को निर्देशित किया गया कि कार्यों को द्रुत गति कराये जिससे कि योजनान्तर्गत प्रस्तावित कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराते हुये योजना को जनोपयोगी बनाया जा सके।

➤ **भूमिगत जलाशय (CWR)**:– अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि उन्नाव सतही स्रोत आधारित योजना के क्लस्टर–ए के अन्तर्गत 27 नग तथा क्लस्टर–बी के अन्तर्गत 26 नग इस प्रकार कुल 53 नग भूमिगत जलाशयों (CWR) का निर्माण कराया जाना है, जिसके सापेक्ष भूमि चिन्हांकन का कार्य पूर्ण करा लिया गया है एवं क्लस्टर–ए के अन्तर्गत प्रस्तावित 27 नग भूमिगत जलाशय (CWR) के सापेक्ष 24 नग भूमिगत जलाशय (CWR) तथा क्लस्टर– बी के अन्तर्गत प्रस्तावित 26 नग भूमिगत जलाशय (CWR) के सापेक्ष 24 नग भूमिगत जलाशय (CWR) के निर्माण कार्य प्रगति पर हैं। उक्त के सम्बन्ध में अधोहस्ताक्षरी द्वारा कार्यदायी फर्म के प्रतिनिधि श्री रवि कान्त द्विवेदी को निर्देशित किया गया कि योजनान्तर्गत प्रस्तावित कुल 53 नग भूमिगत जलाशयों (CWR) पर शीघ्रातिशीघ्र कार्य प्रारम्भ करायें।

| Work Progress | Cluster- A (Scope- 27 Nos. CWR) | | Cluster- B (Scope- 26Nos. CWR) | |
|---|---|---|---|---|
| | Total | Balance | Total | Balance |
| Excavation Progress | 24 | 3 | 24 | 2 |
| PCC Progress | 8 | 19 | 20 | 6 |
| Raft Progress | 5 | 22 | 15 | 11 |
| Wall Up to GL Progress | 3 | 24 | 6 | 20 |
| 0% to 25% | 23 | 4 | 23 | 3 |
| 26% to 50% | 1 | 26 | 1 | 25 |
| 51% to 75% | 0 | 27 | 0 | 26 |
| 76% to 100% | 0 | 27 | 0 | 26 |
| Complete | 0 | 27 | 0 | 26 |

➤ **शिरोपरि जलाशय (OHT)**:– अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि उन्नाव सतही स्रोत आधारित योजना के क्लस्टर–ए के अन्तर्गत 244 नग तथा क्लस्टर–बी के अन्तर्गत 207 नग इस प्रकार कुल 451 नग शिरोपरि जलाशयों (CWR) का निर्माण कराया जाना है, जिसके सापेक्ष शत–प्रतिशत चिन्हांकन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा क्लस्टर–ए के अन्तर्गत 232 नग OHT Structures तथा क्लस्टर–बी के अन्तर्गत 200 नग OHT Structures पर कुल 432 नग OHT Structures पर निर्माण कार्य प्रारम्भ करा दिया गया है। उक्त के सम्बन्ध मे अधोहस्ताक्षरी द्वारा कार्यदायी फर्म के प्रतिनिधि श्री रवि कान्त द्विवेदी को निर्देशित किया गया कि योजनान्तर्गत प्रस्तावित कुल 451 नग शिरोपरि जलाशयों (OHT) पर शीघ्रातिशीघ्र कार्य प्रारम्भ करायें।

| Work Progress | Cluster- A (Scope- 244 Nos. OHT) | | Cluster- B (Scope- 207Nos. OHT) | |
|---|---|---|---|---|
| | Total | Balance | Total | Balance |
| Excavation Progress | 232 | 12 | 200 | 7 |
| PCC Progress | 173 | 71 | 172 | 35 |
| Raft Progress | 152 | 92 | 125 | 82 |
| Column Up to GL Progress | 125 | 119 | 108 | 99 |



Scanned with OKEN Scanner

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 0% to 25% | 123 | 121 | 108 | 99 |
| 26% to 50% | 98 | 146 | 77 | 130 |
| 51% to 75% | 4 | 240 | 4 | 203 |
| 76% to 100% | 6 | 238 | 11 | 196 |
| Complete | 1 | 243 | 0 | 207 |

➤ <u>वितरण प्रणाली, पेयजल गृह संयोजनः</u>– उक्त के सम्बन्ध में अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), उन्नाव द्वारा अवगत कराया गया कि कार्यदायी फर्म मेसर्स मेघा इंजीनियर्स एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर लि0, लखनऊ द्वारा क्लस्टर ए एवं बी में आवंटित कुल 1673 राजस्व ग्रामों में पाइप लाइन बिछाने हेतु सर्वेक्षण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है क्लस्टर–ए के अन्तर्गत प्रस्तावित कार्यों में से 207 जोन के 678 राजस्व ग्रामों में कार्यों को प्रारम्भ कराते हुये लगभग 2673.79 किमी. वितरण प्रणाली एवं 29773 नग पेयजल गृह संयोजन करा दिये गये हैं, शेष कार्य प्रगति पर हैं। क्लस्टर–बी के अन्तर्गत प्रस्तावित कार्यों में से 192 जोन के 612 राजस्व ग्रामों में कार्यों को प्रारम्भ कराते हुये लगभग 2876.77 किमी. वितरण प्रणाली एवं 42947 नग पेयजल गृह संयोजन करा दिये गये हैं, शेष कार्य प्रगति पर हैं। इस प्रकार कुल 399 जोन के 1290 राजस्व ग्रामों में कार्यों को प्रारम्भ कराते हुये कुल 5550.56 किमी. वितरण प्रणाली एवं 72720 नग पेयजल गृह संयोजन उपलब्ध कराये जा चुके हैं, शेष कार्य प्रगति पर हैं, जनपद में एफ.एच.टी.सी. कार्यों की प्रगति 26.06 प्रतिशत है, जोकि शासन की मंशा के अनुरूप अत्यन्त कम है। एफ.एच.टी.सी. कार्यों की धीमी प्रगति के सम्बन्ध में कार्यदायी फर्म के प्रतिनिधि श्री रवि कान्त द्विवेदी द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में पाइप लाइन बिछाये जाने का कार्यों के साथ खोदी गयी सड़कों की पुनर्स्थापना का कार्य प्राथमिकता पर कराया जा रहा है तथा पाइप लाइन कार्यों की प्रगति बढ़ाये जाने हेतु अगले माह से पाइप लाइन बिछाये जाने हेतु अतिरिक्त श्रमिक कार्यस्थल पर तैनात करते हुये कार्यो को प्रारम्भ करा दिया जायेगा। जिसके सम्बन्ध में अधोहस्ताक्षरी द्वारा कार्यदायी फर्म के प्रतिनिधि श्री रवि कान्त द्विवेदी को निर्देशित किया गया कि कार्यो को द्रुत गति से अवशेष 383 राजस्व ग्रामों में पाइप बिछाये जाने एवं अन्य तत्सम्बन्धी कार्य करवाते हुए FHTC को शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य 33.00 प्रतिशत को शीघ्र प्राप्त करना सुनिश्चित करें।

3. <u>जल जीवन मिशन योजना (फेज–4) के अन्तर्गत जनपद उन्नाव में पाइप लाइन बिछाये जाने हेतु सड़क पुनर्स्थापना (Road Restoration) के कार्यों की समीक्षाः</u>– अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि कार्यदायी फर्म द्वारा वर्तमान तक क्लस्टर–ए एवं बी के अन्तर्गत कुल बिछायी गयी पाइप लाइन हेतु काटी गयी सड़क एवं कार्य समाप्ति के उपरान्त पुनर्स्थापित की गयी सड़कों का विवरण निम्नानुसार हैः–

| क्रम सं0 | क्लस्टर | कुल बिछायी गयी वितरण प्रणाली (कि.मी. में) | वितरण प्रणाली बिछाये जाने हेतु काटी गयी सड़कें (कि.मी. में) | कार्य समाप्ति के उपरान्त पुनर्स्थापित सड़कें (कि.मी. में) | पुनर्स्थापना का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | क्लस्टर–ए | 2673.79 | 662.74 | 585.13 | 90.20% |
| 2 | क्लस्टर–बी | 2876.77 | 1016.37 | 917.73 | 97.82% |
| | योग | 5550.56 | 1679.13 | 1502.86 | 94.43% |

उपरोक्त के सम्बन्ध में अधोहस्ताक्षरी को कार्यदायी फर्म के प्रतिनिधि श्री रवि कान्त द्विवेदी द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में अधिक से अधिक श्रमिकों को सड़क पुनर्स्थापना के कार्यों में लगा दिया गया है तथा वितरण प्रणाली बिछाये जाने के दौरान खोदी सड़कों को पाइप लाइन बिछाने के तुरन्त बाद मोटरेबल एवं पुनर्स्थापना का कार्य 30 दिनों में करा दिया जायेगा। जिसके सम्बन्ध में अधोहस्ताक्षरी द्वारा कार्यदायी फर्म के प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया कि अधिक से अधिक श्रमिकों को कार्यस्थल पर लगाकर पाइप लाइन बिछाये जाने हेतु तोड़ी गयी सड़कों की पुनर्स्थापना विभागीय मानकों एवं विशिष्टियों के अनुसार पूर्व की भांति पुनर्स्थापित कराना सुनिश्चित करें। साथ ही यह भी निर्देशित किया गया कि यदि फर्म द्वारा सड़क पुनर्स्थापना के कार्य को कराने में अनावश्यक विलम्ब किये जाने की दशा में कोई भी घटना–दुर्घटना घटित होती है तो उसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व फर्म का होगा।

4. <u>जल जीवन मिशन योजना (फेज–4) के अन्तर्गत भूमि उपलब्धता एवं विवादित भूमि की अद्यतन स्थितिः</u>– उक्त के सम्बन्ध में अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), उन्नाव द्वारा अवगत कराया गया कि सी.डब्ल्यू.आर./शिरोपरि जलाशयों के निर्माण हेतु राजस्व विभाग से भूमि प्राप्त हो गयी है। जिस पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा कार्यदायी फर्म के प्रतिनिधि श्री रवि कान्त द्विवेदी को शीघ्रातिशीघ्र उपलब्ध भूमि पर कार्य प्रारम्भ करायें।



Scanned with OKEN Scanner

5. <u>क्लस्टर–ए एवं बी के अन्तर्गत प्रस्तावित कार्यों हेतु विभिन्न विभागों से NOC प्राप्त करने के सम्बन्ध में</u> उक्त के सम्बन्ध में अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), उन्नाव द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में योजनान्तर्गत प्रस्तावित कार्यों के सम्पादन हेतु विभिन्न विभागों से निम्नानुसार अनापत्ति प्रमाण पत्र (N.O.C) की आवश्यकता है:–

| Department | CLUSTER-A | | | CLUSTER-B | | | Total | Applied | RECEIVED NOC | | | BALANCE NOC | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | R.w | C.w | D.I | R.w | C.w | D.I | | | Total | Work in progress | Complete | MIEL | Concerning dept. |
| Railway | 0 | 7 | 9 | 2 | 18 | 3 | 39 | 39 | 30 | 2 | 6 | 7 | 2 |
| NHAI | 0 | 2 | 0 | 2 | 15 | 0 | 19 | 19 | 10 | 0 | 1 | 0 | 7 |
| Irrigation | 0 | 11 | 0 | 3 | 8 | 0 | 22 | 22 | 17 | 0 | 0 | 0 | 5 |
| Express Way | 0 | 16 | 0 | 0 | 8 | 0 | 24 | 24 | 11 | 0 | 1 | 0 | 13 |
| PWD | 3 | 49 | 95 | 1 | 41 | 17 | 206 | 206 | 206 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| IOCL | 0 | 2 | 2 | 3 | 14 | 0 | 21 | 21 | 2 | 0 | 2 | 8 | 11 |
| IHB LTD | 0 | 2 | 2 | 1 | 9 | 16 | 30 | 30 | 1 | 0 | 1 | 0 | 29 |
| Total | 3 | 89 | 108 | 12 | 113 | 36 | 361 | 361 | 277 | 2 | 11 | 15 | 69 |
| | TOTAL CLUSTER A | | 200 | TOTAL CLUSTER B | | 161 | 361 | | | | | | |

साथ ही अवगत कराया गया कि भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित जनपद उन्नाव में जल जीवन मिशन (फेज–4) के अधीन प्रस्तावित सतही स्रोत आधारित पेयजल योजना (Cluster- A&B) के अन्तर्गत प्रस्तावित कार्यों हेतु रोड़ क्रॉसिंग/ एफ्लक्स मार्जिनल बन्ध के समानान्तरण बैराज से उन्नाव की तरफ बिछायी जाने वाली Raw Water Rising Main & Clear Water Rising Main निर्माण कार्य के लिये अधिशासी निदेशक (तकनीकी), राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के पत्र सं0– Pr-12012/8/2024-O/o ED (TECH) NMCG दिनांक 06.11.2024 के बिन्दु सं0– C– Clearance of International angle from the Flood Management (FM) wing, Central Water Commission (CWC), Delhi पर वांछित Clearance निर्गत करने हेतु अधिशासी निदेशक (तकनीकी), राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली से खण्ड कार्यालय के पत्र सं0– 701/डब्ल्यू.एस.–103ए/156 दिनांक 25.02.2025 द्वारा अनुरोध किया गया है। जिस पर NMCG, New Delhi के स्तर से कार्यवाही वांछित है।

<u>इनटेक से डब्ल्यू.टी.पी. बी के मध्य Raw Water Rising Main एवं WTP-A से CWR-26 के मध्य बिछायी जाने वाली Clear Water Rising Main के संरेखण में पड़ रहे अवैध मकानों के सम्बन्ध में:–</u> जनपद उन्नाव में भारत सरकार एवं राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना जल जीवन मिशन (फेज–4) के अन्तर्गत जनपद कानपुर नगर की तहसील कानपुर सदर के अन्तर्गत कटरी शंकरपुर सरायं में इनटेकवेल का निर्माण कार्य कराया जा रहा है जिसमें Intakewell से Raw Water Rising Main & Clear Water Rising Main पाइप लाइन बिछाये जाने हेतु प्रस्तावित संरेखण सिंचाई विभाग (कानपुर शाखा) के बंधा रोड के मध्य से उन्नाव की ओर दांयी तरफ 60 मीटर के अन्दर मार्जिनल बन्ध (0 से 2.50 कि.मी.) के समानान्तर बैराज से उन्नाव रोड की तरफ ग्राम मेघनपुर, जनपद कानपुर नगर में अनाधिकृत 15 मकान निर्मित हैं। उक्त एलाइनमेन्ट पर कार्य किये जाने हेतु मुख्य अभियन्ता (जल संसाधन), सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उ0प्र0 लखनऊ के पत्रांक– 833/ अ0नि0म0–8/यू–6/ 2024–25/ जल जीवन मिशन /पेयजल– RG–43/अनापत्ति दिनांक 12.11.2024 के द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में मुख्य अभियन्ता (रामगंगा), सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उ0प्र0 कानुपर के कार्यालय ज्ञाप सं0– 7845/ मु0अ0(राम0)/ दिनांक 26.11.2024 द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में अधिशासी अभियन्ता, बैराज निर्माण खण्ड–2, कानपुर ने पत्र सं0– 1650/बै0नि0खं02का0/ प्रा0/ एन0ओ0सी0 कानपुर दिनांक 28.11.2024 द्वारा शर्तों के साथ अनापत्ति प्रमाण–पत्र निर्गत किया गया है।

उक्त Alignment का तहसीलदार, राजस्व विभाग, तहसील व जिला कानपुर नगर द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया। उक्त Alignment में आ रहे मकानों में पक्के मकान निर्मित है। जिन्हे पुनर्स्थापित किये जाने की आवश्यकता होगी जिस पर सहायक अभियन्ता को Alternate Alignment पर विचार किये जाने पर अनुरोध किया गया जिससे कम से कम मकान क्षतिग्रस्त हों। जिसके क्रम में उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), उन्नाव एवं कार्यदायी फर्म मेसर्स मेघा इंजीनियर्स एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर लि0, लखनऊ द्वारा पुनः संयुक्त स्थलीय निरीक्षण के उपरान्त Alternate Alignment बन्धे की तरफ आने पर सिंचाई विभाग के बन्धे के Apron से Raw Water Rising Main & Clear Water Rising Main पाइप लाइन बिछाये जाने पर पूर्व में 15 मकानों के सापेक्ष कम से कम 06 मकान प्रभावित हो रहे हैं। साथ ही उक्त परिवर्तित Alignment का सिंचाई विभाग से अनापत्ति प्रमाण– पत्र लिये जाने की आवश्यकता होगी।

उक्त के क्रम में अधिशासी अभियन्ता, बैराज निर्माण खण्ड–2, कानपुर ने पत्र सं0– 1557/ बै0नि0खं02का0/प्रा0/ एन0ओ0सी0 कानपुर दिनांक 11.11.2024 द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त भूमि ग्राम समाज की है। जिस हेतु जिलाधिकारी महोदय, उन्नाव के पत्र सं0– 4941/डब्ल्यू.एस.–103ए/690 दिनांक 13.12.2024 के द्वारा उप भूमि व्यवस्था आयुक्त, राजस्व परिषद, उत्तर प्रदेश, अनुभाग–9, लखनऊ के पत्र सं0–



Scanned with OKEN Scanner

... 08.10.2024 एवं जिलाधिकारी/अभिलेख अधिकारी, कानपुर नगर के पत्र सं0–670/भूलेख–सात/2024–25 दिनांक 25.11.2024 के क्रम में जनपद कानपुर नगर के 04 ग्राम नामतः कटरी शंकरपुर सराय, कटरी लोधवाखेड़ा, कटरी लक्ष्मीखेड़ा व धरमपुर को सर्वेक्षण एवं अभिलेख क्रियाओं के अन्तर्गत रखे जाने के कारण सर्वेक्षण एवं अभिलेख क्रिया की कार्यवाही सम्पन्न कराये जाने की अपेक्षा किये जाने के क्रम में जनपद कानपुर नगर के उक्त ग्राम कटरी शंकरपुर सराय की भूमि का चिन्हांकन प्राथमिकता पर कराते हुये वस्तुस्थिति से अवगत कराये जाने हेतु सहायक अभिलेख अधिकारी, उन्नाव को निर्देशित किया गया। जिसके परिपेक्ष्य में सहायक अभिलेख अधिकारी, उन्नाव द्वारा अनाधिकृत मकानों को दो बार नोटिस निर्गत की जा चुकी है। इस सम्बन्ध में सहायक अभिलेख अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद कानपुर नगर के उक्त ग्राम कटरी शंकरपुर सराय की भूमि का चिन्हांकन करा लिया गया है और अवैध रुप से कब्जा किये हुए लोगो के विरुद्ध बेदखली का वाद न्यायालय में दर्ज कर दिया गया है। उक्त वाद में पक्षो को साक्ष्य प्रस्तुत करने हेतु अंतिम अवसर दिनांक 08.4.2025 को पत्रावली नियत है। उपरोक्त के संबंध में यह भी अवगत कराया गया है कि उक्त भूमि पर कई लोगो द्वारा प्रधानमंत्री आवास बनाकर निवास किया जा रहा है और कब्ज हटाने के पूर्व उन्हें आवासीय पट्टा देना यथोचित प्रतीत होता है। उक्त के सम्बन्ध में अधोहस्ताक्षरी द्वारा जिलाधिकारी, कानपुर नगर से दर्बुअल बैठक की जायेगी जिसमें अधोहस्ताक्षरी, जिलाधिकारी कानपुर नगर, अधिशासी अभियन्ता एवं सहायक अभिलेख अधिकारी द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा।

6. **<u>जनपद में नामित 6 इम्प्लीमेन्टेशन सपोर्ट एजेन्सी (ISA) के कार्यों की समीक्षा तथा हिन्दु मुस्लिम एकता एवं कल्याण समिति,82/75/क, गुरू गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ एवं बैसवारा शिक्षित बेरोजगार वेलफेयर एसोसिएशन, बी–957, आ0वि0 कालोनी, उन्नाव द्वारा सम्पादित कार्यों का प्रस्तुतीकरण:–</u>** उक्त के सम्बन्ध में अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), उन्नाव द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद हेतु नामित 6 इम्प्लीमेन्टेशन सपोर्ट एजेन्सी (ISA) नामतः (1) हिन्दु मुस्लिम एकता एवं कल्याण समिति, 82/75/क, गुरू गोविन्द सिंह मार्ग, लालकुंआ, लखनऊ (2) हैल्पिंग हैण्ड वेलफेयर सोसाईटी, ग्राम सरसोपार, पोस्ट भुसावल, जनपद गोरखपुर (3) प्रभावति देवी नारी कल्याण समिति, 194–ए. शिवपुरसाहबगंज पड़री बाजार, गोरखपुर (4) बैसवारा शिक्षित बेरोजगार वेलफेयर एसोसिएशन, बी–957, आवास विकास कालोनी, उन्नाव (5) नवचेतना विकास समिति, बी–76, नेहरू विहार, कल्याणपुर, विकास नगर, लखनऊ (6) जनहित सेवा एवं शोध संस्थान, 277, विकास नगर, जेल रोड, पी.ओ. कादीपुर, प्रतापगढ़ को क्लस्टर आवंटन एवं अनुबन्ध गठन के पश्चात सम्बन्धित इम्प्लीमेन्टेशन सपोर्ट एजेंसी द्वारा Planning and Mobilisation Phase (Phase-1) के कार्य पूर्ण किये जा चुके हैं एवं वर्तमान में Implementation Phase (Phase-2) के कार्य प्रगति पर हैं, जिस पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा समस्त आई.एस.ए. प्रतिनिधियों को निर्देशित किया गया कि Implementation Phase (Phase-2) के कार्य शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण करायें।

7. **<u>जनपद में कियान्वित आई.ई.सी. गतिविधियों की समीक्षा</u>**

जनपद में कियान्वित आई.ई.सी. गतिविधियों की समीक्षा की गयी जिस पर अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), उन्नाव द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जनपद स्तर से चयनित 04 संस्थाओं में से 03 संस्थाओं के साथ अनुबन्ध गठन की कार्यवाही की जा चुकी है 01 संस्था मेसर्स फेलकॉन, निकट कैंसर अस्पताल, मानस नगर, लखनऊ को अनुबन्ध गठन कराये जाने हेतु निर्देश दिये गये हैं, परन्तु अनुबन्ध गठन से सम्बन्धित अभिलेख उपलब्ध कराये जाने वांछित हैं। आई.ई.सी. एजेन्सियों द्वारा कराये जा रहे कार्यों की प्रगति निम्नवत् है:–

| क्रम सं0 | संस्था का नाम | विकास खण्ड का नाम | ग्राम पंचायत | राजस्व ग्राम | पेयजल एवं स्वच्छता सम्बन्धी कार्यशाला ब्लॉक स्तरीय | | नुक्कड़ नाटक के माध्यम से पेयजल एवं स्वच्छता सम्बन्धी जागरूकता कार्यक्रम प्रति राजस्व ग्राम 12 नग जल जीवन मिशन लोगो मुद्रित टोपी एवं प्रति राजस्व ग्राम 10 नग जल जीवन मिशन लोगो मुद्रित कान्फ्रेन्स पैड का वितरण | | स्वच्छता मेले का आयोजन | | विकास खण्ड विद्यालय में बाल कैबिनेट का गठन एवं चित्रकला/ निबंध प्रतियोगिता का आयोजन | | जल जीवन मिशन थीम पर आधारित स्लोगन का दीवार लेखन (8x6 Ft.) प्रति ग्राम पंचायत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | लक्ष्य | उपलब्धि | लक्ष्य | उपलब्धि | लक्ष्य | उपलब्धि | लक्ष्य | उपलब्धि | लक्ष्य | उपलब्धि |
| 1 | जानकी प्रसाद मेमोरियल रिसर्च एण्ड एजुकेशनल ट्रस्ट महाराजगंज | सिकन्दरपुर सिरोसी | 55 | 83 | 1 | 1 | 83 | 83 | 55 | 55 | 1 | 1 | 55 | 55 |
| | | सिकन्दरपुर कर्ण | 66 | 105 | 1 | 1 | 105 | 105 | 66 | 66 | 1 | 1 | 66 | 66 |
| | | हसनगंज | 81 | 142 | 1 | 1 | 142 | 142 | 81 | 81 | 1 | 1 | 81 | 81 |
| | | पुरवा | 56 | 102 | 1 | 1 | 102 | 102 | 56 | 56 | 1 | 1 | 56 | 56 |
| 2 | [illegible] संस्थान 58 सुजान विहार कालोनी, [illegible], लखनऊ। | सुमेरपुर | 75 | 137 | 1 | 1 | 137 | 137 | 75 | 75 | 1 | 1 | 75 | 75 |
| | | बीघापुर | 67 | 126 | 1 | 1 | 126 | 126 | 67 | 67 | 1 | 1 | 67 | 67 |
| | | असोहा | 67 | 119 | 1 | 1 | 119 | 119 | 67 | 67 | 1 | 1 | 67 | 67 |
| | | हिलौली | 50 | 68 | 1 | 1 | 68 | 68 | 50 | 50 | 1 | 1 | 50 | 50 |
| 3 | मेसर्स अम्बर इन्फ्रा प्राइवेट लिमिटेड लखनऊ 226016। | फतेहपुर 84 | 69 | 109 | 1 | 1 | 108 | 108 | 69 | 69 | 1 | 1 | 69 | 69 |
| | | सफीपुर | 72 | 109 | 1 | 1 | 109 | 109 | 72 | 62 | 1 | 1 | 72 | 72 |
| | | गंजमुरादाबाद | 60 | 84 | 1 | 1 | 84 | 84 | 60 | 60 | 1 | 1 | 60 | 60 |
| | | बांगरमऊ | 55 | 77 | 1 | 1 | 77 | 77 | 55 | 50 | 1 | 1 | 55 | 55 |
| 4 | मेसर्स फाल्कॉन निकट कैंसर अस्पताल, मानस नगर लखनऊ। | नवाबगंज | 74 | 124 | 1 | 1 | 124 | 124 | 74 | 74 | 1 | 0 | 74 | 0 |
| | | बिछिया | 67 | 85 | 1 | 1 | 85 | 85 | 67 | 67 | 1 | 0 | 67 | 0 |
| | | मियागंज | 74 | 143 | 1 | 0 | 143 | 25 | 74 | 17 | 1 | 0 | 74 | 0 |
| | | औरास | 61 | 85 | 1 | 0 | 85 | 0 | 61 | 0 | 1 | 0 | 61 | 0 |
| | | | 1039 | 1690 | 16 | 14 | 1690 | 1481 | 1220 | 811 | 16 | 13 | 1039 | 779 |



Scanned with OKEN Scanner

उक्त समस्त आई.ई.सी. एजेन्सियों को अवशेष निर्धारित लक्ष्यों को शीघ्र पूर्ण कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

अन्त में बैठक सधन्यवाद सम्पन्न हुयी।

5/5/25

अधिशासी अभियन्ता/ सदस्य सचिव
खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
उन्नाव।

जिला कृषि अधिकारी/सदस्य
उन्नाव।

जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी/ सदस्य
उन्नाव।

जिला बेसिक शिक्षाधिकारी/सदस्य
उन्नाव।

अधिशासी अभियन्ता/सदस्य
सिंचाई एवं जल संसाधन,
उन्नाव।

प्रभागीय वनाधिकारी/सदस्य
उन्नाव।

मुख्य चिकित्साधिकारी/सदस्य
उन्नाव।

जिला विकास अधिकारी/सदस्य
उन्नाव।

मुख्य विकास अधिकारी/ सदस्य
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
उन्नाव।

जिलाधिकारी/ अध्यक्ष
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
उन्नाव।

# कार्यालय जिलाधिकारी, उन्नाव

पत्रांकः– 1397 / W.S.-103A / 274 दिनांक : 29.04.2025

प्रतिलिपि :–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन (नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग), किसान बाजार,प्रथम तल, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ।
2. मुख्य अभियन्ता (ल0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
3. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
4. मुख्य विकास अधिकारी, उन्नाव।
5. जिला विकास अधिकारी, उन्नाव।
6. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), उन्नाव।
7. अधिशासी अभियन्ता, उन्नाव शारदा खण्ड, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उन्नाव।
8. अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उन्नाव।
9. अधिशासी अभियन्ता, बैराज निर्माण खण्ड–2, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, फूलबाग–उ0प्र0 कानपुर नगर।



Scanned with OKEN Scanner

10. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय (वि0/यां0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
11. जिला समन्वयक, जिला परियोजना प्रबन्धन इकाई (डी.पी.एम.यू.), उन्नाव।
12. डिप्टी टीम लीडर, सेन्सिस टेक्नो लि0 (टी.पी.आई.), उन्नाव।
13. मेसर्स मेघा इंजीनियर्स एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर लि0, लखनऊ।
14. जनपद हेतु नामित समस्त इम्प्लीमेन्टेशन सपोर्ट एजेन्सी (आई.एस.ए.) को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि राज्य स्वच्छता एवं पेयजल मिशन द्वारा दिये गये निर्देशानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।
15. मेसर्स फेलकॉन, निकट कैंसर अस्पताल, मानस नगर, लखनऊ।
16. मेसर्स जानकी प्रसाद मेमोरियल रिसर्च एण्ड एजूकेशनल ट्रस्ट, लोहिया नगर, महाराजगंज।
17. सार्वजनिक शिक्षोन्नयन संस्थान, 58, सृजन बिहार कालोनी, गोमतीनगर, लखनऊ।
18. मेसर्स अम्बर प्रेस प्राइवेट लिमिटेड, लखनऊ, 226018 के प्रतिनिधि।

जिलाधिकारी
उन्नाव।

Scanned with OKEN Scanner